हमारे देश के आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी कहते हैं, कि भारत देश वर्तमान में युवा देश है अर्थात हमारे देश में सबसे अधिक युवा जनसंख्या हैं। मोदीजी का यह कथन उचित भी प्रतित होता है और हमारे लिए गर्व की भी बात है लेकिन इस संदर्भ में विश्व स्वास्थ्य संघटन का निरीक्षण है कि, आनेवाले 30-40 वर्षों में आज का दुनिया का युवा भारत देश सबसे अधिक वृध्दों का देश होगा। यह बात हमें सोचने पर मजबूर करती है तब हमारे देश का क्या होगा? हिंदी साहित्य लिखनेवाली काफी लेखकों और कवियों ने वृद्धावस्था पर साहित्य सृजन के माध्यम से विचार प्रस्तुत किए हैं। जैसे- बूढ़ी काकी, स्वामिनी, माँ, सुभागी (प्रेमचंद) चीफ की दावत, यादे, खून का रिश्ता (भीष्म सहानी) ममता, बेडी, (जयशंकर प्रसाद) समय पागल है, कौन जाने (यशपाल) वसीयत (भगवती चरण वर्मा) आजादी (ममता कालिया) उधार की हवा, बांसफल, छत पर दस्तक (मृदुला गर्ग) वापसी (उषा प्रियवंदा) फाइल दाखिल वफ्तर (गिरिराज किशोर) इन कहानियों के साथ-साथ अंतिम अरण्य (निर्मल वर्मा) गिलीगड्डू (चित्रा मुद्गल) दौड (ममता कालिया) जीने की राह (विजय राही) रेहन पर रग्घू (काशीनाथ सिंह) अपने-अपने अजनबी (अज्ञेय) ढ़ाई घर (गिरीराज किशोर) समय सरगम (कृष्णा सोबती) आदि बताए जा सकते हैं।

प्रेमचंदजी द्वारा लिखित 'बूढ़ी काकी' कहानी के बुद्धिराम और रुपा का विचार है कि, बूढ़ी काकी का काम घर में उत्पात मचाना है। यहां समस्या न काकी के स्वास्थ्य की है और न की उसके पारिवारिक, सामाजिक, सांस्कृतिक जीवन की। समस्या तो उसके जायके की है। यह आफत उस दिन से आयी है, जिस दिन इस अमीर विधवा बूढ़ी ने अपने बेटों की मृत्यु के बाद सारी जायदादा भतीजे बुध्दिराम के नाम लिख दी। जिसके बाद उसकी परनिर्भरता शुरु होती है।

रवींद्र कालिया द्वारा लिखित 'बुढवा मंगल' कहानी में एकाकीपन और अलगापन का ताना बाना बुना गया है। प्रस्तुत कहानी में अपने बेटे द्वारा बुलाया जाने पर वृद्ध पिता ट्रेन के एसी. डिब्बे से बैंगलोर जा रहें होते हैं तब ही उन्हें अपने जीवन साथी की याद आती है- "उसे अब लगा कि, अब वह कोल्हू के बैल की तरह जीवन बिता रहा है। इस आराम देह गाड़ी में उसे अपनी बुढ़ियाँ की बड़ी तेज याद आई। वह साथ में होती तो कितना खुश होती?"[1]

'एक बूढ़े की मौत' कहानी में शशि भूषण शर्मा ने वृध्द व्यक्ति की अकुलाहट को व्यक्त करने का प्रयास किया है। कहानी के प्रमुख पात्र जानकी बाबू अपने आपको अकेला महसूस करते तो बाहर घूमने चले जाते है। कहानीकार ने कहानी के माध्यम से अपने ही विचारों का एक रूप से वाणी देने का प्रयास किया है। "जानते हो जिंदगी में मृत्यु का आना कितना जरुरी है....उस फुल को देखो और मेरी बातों की ओर ध्यान से सुनो।"[2]

'दौड़' उपन्यास में ममता कालिया ने उपभोक्तावादी संस्कृति से हमें अवगत किया है। जिसमें आज का युवा वर्ग पूरी तरह से ग्रसित होता चला जा रहा है जिसके चलते माँ-बाप को भी भूल बैठते हैं। यही कारण है कि आजकल मानवी मूल्योंकी हानी हो रही हैं। ममता कालिया ने पवन, स्टेला और सहान के जरिये एक ओर जहां पारिवारिक संबंधों में आयी विवशता को दर्शाया है तो वही दूसरी ओर एक ऐसे कटु सत्य के भी दर्शन कराए है जिसको परिवार प्राय: वे सभी भुगत रहें हैं। जिनके बच्चें पराये हो गए हैं। मिस्टर और मिसेज सोनी ऐसे ही दो मजबूर माता-पिता हैं जिनका बेटा सिध्दार्थ विदेश में जाकर बस गया है। यहा मिस्टर सोनी को अचानक दिल का दौरा पड़ता है, जिसके कारण उनका निधन हो जाता है। जब सिध्दार्थ को अंतिम संस्कार में बेटे का कर्तव्य निभाने हेतु बुलाया जाता है तो सिध्दार्थ घर पहुँचने में सप्ताह लगेगा यहा बहाना बनाते हुए माँ को समझाते हुए कहता है- "हम सब तो आज लुट

Akshara Multidisciplinary Research Journal
Peer-Reviewed & Refereed International Research Journal
E- ISSN 2582-5429
February 2022 Special Issue 04 Volume VI (C) SJIF Impact- 5.54

गए मम्मा, लोग बता रहें है मेरे आने तक डैडी को रखा नहीं जा सकता। आप ऐसा कीजिए इस काम के लिए किसी को बेटा बनाकर दाह-संस्कार करवाइए। मेर लिए तेरह दिन रुकना मुश्किल होगा।"[3] यह है आज के युवा वर्ग की सोच एवं अपने माता-पिता के प्रति कर्तव्य-बोध।

'लालटीन की छत' उपन्यास की पात्र काया अकेलेपन के कारण डरती भी है और बड़बड़ाती भी है। "दिन भर का अकेलापन, गुस्सा, हताशा आपस में गूँथ कर एक धुध का गोला सा बन जाते जो न इतना कोमल होता है कि, आसुओं में पिघलकर बाहर आ सके न इतना सक्त कि वह उसकी पकड़ में आकर किसी सुझ किसी समझदारी की सात्वंना में बदल सकें।"[4] इसके अलावा यह टकराहट ही अलगावपन एवं बेगानापन जैसी मानसिकता का कारण बन जाती है जिसके कारण वृद्ध तंग आकर मृत्यु की राह देखते हैं।

चित्रा मुद्गल द्वारा लिखित उपन्यास 'गिलिगड्डू' में वृध्द जसवंत सिंह अपने पोते के जन्मदिन पर पार्टी देना चाहते हैं और भावनात्मक रूप से बच्चे से जुड़ने की कोशिश भी करते हैं। परंतु उसके द्वारा दिया गया अपने पिता को करारा जवाब उसके दिल को ठेंस पहुँचाता है, "उसका यह कार्यक्रम उसके दोस्तों के साथ है, घरवाले इसमें शामिल नहीं होंगे। मम्मी को वैसे भी जन्मदिन मनाने में झंझट होता है- न न दादू। हम अपने से बड़े किसी को भी नहीं ले जाएगे वरना पार्टी बोरिंग हो जाएगी।"[5] वृध्दों की जीवन में यही एकमात्र आशा होती हैं कि, वृध्दावस्था में उसके अपने साथ हो परंतु वही अपने लोग उसे वृध्द मानकर परिवार की गतिविधियों में शामिल करने से मना करते है।

'समय सरगम' उपन्यास में कृष्णा सोबती जी ने कामिनी और दमयंती जैसी स्त्रियों के माध्यम से यह दशार्या है कि, उसके पास सब कुछ होते हुए भी परिवार से दूर हो गयी है। दमयंती अकेली रहती है और अरण्या से अपने भावनाओं व्यक्त करते हुए कहती है- "बच्चे साथ रहे, हैं मेरा घर मेरा किचन चल रहा है खर्चा मैं कर रही हूँ और मैं अकेली पड़ी हूँ। बिना इजाजत के मेरा सामान इधर से इधर करते रहते हैं। पीछे आश्रम गयी तो माधव को धमकाते रहते हैं। बताओं ममा के लॉकर की चाभी कहाँ है.....कुछ कहो अरण्या। बच्चों की ऐसी हरकत से मेरा धीरज खत्म हो रहा है।"[6] सहज रूप से अकेलापन तब बोझ बन जाता है जब व्यक्ति अपनो से दूर रहता है। परिणाम स्वरुप मानसिकता में बदलाव आने लगता है। ईशान और अरण्या के माध्यम से लेखिका ने वृध्दों की कुछ अन्य समस्याओंपर प्रकाश डालने का प्रयास किया है।

'अंतिम अरण्य उपन्यास' में वृध्दों की स्थिति एवं उनकी नैतिकता से संबंधित है। उम्र का वृध्दावस्था यह पड़ाव अपनों से अर्थात अगली पीढ़ी के लोगों से अपेक्षाएँ करते परंतु जब नई पीढ़ी उन अपेक्षा पर खरी नहीं उतरती। तब मानसिक टकराहट की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। प्रस्तुत उपन्यास में कुछ पात्र ऐसे भी है जो अंधेरे की यातना से निर्मित है। मेहरा साहब एक ऐसा पात्र है, जो द्वद्वात्मक मानसिकता से पीड़ित दिखाई देता है। वह औरों की तरह शारीरिक रूप से कमजोर, खासते हुए वृध्द नहीं है तो मानसिक रुपा से अस्थिर पात्र है।

हिंदी साहित्य वृध्दावस्था की यह चर्चा न केवल कथा साहित्य में ही दस्तक नहीं दे रहा अपितु पद्य साहित्य भी इससे वंचित नहीं हैं। हिंदी साहित्य में चर्चित कवियों में से अनामिका, निराला और मैथिलीशरण गुप्त आदि यो ने वृध्दावस्था के संदर्भ में अपने विचार कविताओं के माध्यम से व्यक्त किए है। मैथिलीशरण गुप्त जी ने इस संदर्भ में कहा है-

"अब वे वासर बीत गए,
मन तो भरा-भरा है लेकिन,
तन के सब रस रीत गए,
चमक छोड़ चौमासे बीत,
कंवल छोड़कर शीत गए,
लेकर मधु की उष्मा सारी,
मेरे मन के पीट गए,
अब तो कावल गूज बची है,
जीवन सब गीत गए,
इस राम जाने जीवन में,
हम हारे या जीत गए।"[7]

E- ISSN 2582-5429

Akshara Multidisciplinary Research Journal

Peer-Reviewed & Refereed International Research Journal

February 2022 Special Issue 04 Volume VI (C)

SJIF Impact- 5.54

आम तौरपर वृध्दों को शारीरिक एवं मानसिक त्रासदी परिवार से अलगाव, अकेलेपन का एहसास, आर्थिक असमर्थता, पीढ़ीगत वैचारिक मतभिन्नता आदि समस्याओं से सामना करना पड़ता है| वृध्द सहजता से समाज अर्थात युवा पीढ़ी से समन्वय स्थापित नहीं कर पाते हैं इसके प्रमुख दो कारण बताये जा सकते हैं- पहला यह कि उम्र बढ़ने से व्यक्तिगत परिवर्तन एवं दूसरा यह कि वर्तमान में आधुनिक समाज अर्थात युवा पीढ़ी का वृध्दों के प्रति व्यवहार| व्यक्ति जैसे-जैसे वृध्द होता जाता है वैसे-वैसे परिवार और समाज में उसका स्थान गिरता जाता है| समय रहते ही हमें इस विषय पर गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श कर वृध्दों को उनके अधिकार एवं सम्मान देने का प्रयास करना होगा| अन्यथा आज की वृध्दों की विषमता पूर्ण परिस्थिति भविष्य में बिकट समस्या का रूप धारण कर सकती है| वैसे तो हिंदी साहित्यकारों ने बहुत पहले से ही इस विषय पर अपने साहित्य से विचार विमर्श करने का प्रयास किया है| जिस पर विचार मंथन होना समय की माँग है|

**संदर्भ-**

1. 'बड़े बुज़ुर्ग', कहानी, प्रियदर्शन संपादक, पृष्ठ- 34
2. 'एक बूढ़े की मौत', कहानी, शीश शर्मा, पृष्ठ- 57-58
3. 'दौड़ उपन्यास', ममता कालिया, पृष्ठ-65
4. 'लालटीन की छत', डॉ. निर्मल वर्मा, उपन्यास, पृष्ठ-35
5. 'गिलिगड्डू', चित्रा मुद्गल, उपन्यास, पृष्ठ-33
6. 'समय सरगम', कृष्णा सोबती, उपन्यास, पृष्ठ-74
7. 'अब वे वासर बीत गए', कविता, मैथिलीशरण गुप्त,

□ □ □

RNI No. RAJBIL/2016/72007

ISSN No. 2456-8996

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# साहित्य सन्दर्भ

(Peer Reviewed Journal)

(समकालीन साहित्य, संस्कृति एवं समाज से सम्बद्ध शोध पत्रिका)

वर्ष : 6, अंक : 21-22, जनवरी-जून, 2022 (संयुक्तांक)



सम्पादक
प्रो. श्रवणकुमार मीना

उपसम्पादक
डॉ. हरीश कुमार

RNI No. RAJBIL/2016/72007 ISSN No. 2456-8996

# साहित्य सन्दर्भ

(Peer Reviewed Journal)

(समकालीन साहित्य, संस्कृति एवं समाज से सम्बद्ध शोध पत्रिका)

वर्ष : 6, अंक : 21-22, जनवरी से जून (संयुक्तांक)

सम्पादक
प्रो. श्रवणकुमार मीना

उपसम्पादक
डॉ. हरीश कुमार

परामर्श मण्डल–
प्रो. विष्णु सर्वदे (हैदराबाद, आन्ध्र प्रदेश)
प्रो. अशोक कुमार (चण्डीगढ़, पंजाब)
प्रो. दत्तात्रेय मुरूमकर (मुम्बई, महाराष्ट्र)
डॉ. धीरज भाई वणकर (अहमदाबाद, गुजरात)
डॉ. सियाराम मीना (कोटा, राजस्थान)

सम्पादकीय सम्पर्क–
ई–286, रामेश्वर नगर,
बासनी प्रथम चरण,
जोधपुर (राज.) 342005
सम्पर्क : +91 9166503385
ई–मेल : harishkumarmeghwal05@gmail.com

'साहित्य सन्दर्भ' में प्रकाशित लेखों/रचनाओं में व्यक्त विचार/तथ्य लेखकों के अपने हैं। सम्पादक/सम्पादन सहयोगी तथा प्रकाशकों से इनकी सहमति होना आवश्यक/अनिवार्य नहीं है और न ही सम्पादक/प्रकाशक/स्वामी इसके लिए उत्तरदायी है। समस्त विवादों के लिए न्यायालय क्षेत्र जोधपुर होगा।

वितरण एवं विज्ञापन प्रबन्धन
डॉ. माया मीना

प्रकाशक, सम्पादक एवं स्वामी डॉ. श्रवणकुमार मीना
सम्पादन– अवैतिनिक, अव्यवसायिक

मुद्रक
जी.एन. ऑफसेट प्रिण्टर्स,
अंसल प्लाजा के पीछे,
स्टेडियम शॉपिंग सेण्टर,
जोधपुर (राज.) 342001

टाईप सेटिंग
क्रिएशन पॉइण्ट,
रामेश्वर नगर, बासनी प्रथम,
जोधपुर

सहयोग राशि (प्रति अंक) : रु 30/–

सहयोग राशि – वार्षिक : 350/–
त्रिवार्षिक : 1000/–

# अनुक्रमणिका


1. स्वातन्त्र्योत्तर भारत और परसाई के व्यंग्य
डॉ. ममता देवी 01

2. जसनाथी साहित्य : एक मूल्यांकन
डॉ. भेराराम 05

3. स्वातन्त्र्योत्तर हिन्दी साहित्य में उभरता वृद्ध विमर्श
प्रा. अविनाश कोल्हे 11

4. स्वातन्त्र्योत्तर कथा साहित्य में नारी चेतना
गीतांजली अत्री 16

5. हिन्दी उपन्यासों में अभिव्यक्त देश विभाजन की त्रासदी
रश्मि 21

6. अन्तर्राष्ट्रीय ह्यूमेन ट्रैफिकिंग और किन्नरों की सामाजिक स्थिति को दर्शाता : 'गुलाम मण्डी'
श्वेता शाण्डिल्य 25

7. विभाजन की त्रासदी और मैं बोरिशाइल्ला
अपर्णा वर्मा 29

8. बदलती भारतीय संस्कृति और मधु कांकरिया की कहानियाँ
वर्षा सिखवाल 35

9. भारत-रूस सम्बन्ध : शिखर बैठक के विशेष संदर्भ में
डॉ. चित्रा आचार्य 40

10. महिलाएँ और मानवाधिकार
डॉ. सुरेश गर्ग 45

11. स्वतन्त्रता के बाद नारी की स्थिति एवं भूमिका का ऐतिहासिक अध्ययन
रमीला परिहार 52

# स्वातन्त्र्योत्तर हिन्दी साहित्य में उभरता वृद्ध विमर्श

**प्रा. अविनाश कोल्हे**
सहायक प्राध्यापक, (हिन्दी विभाग)
टिकाराम जगन्नाथ महाविद्यालय, खड़की, पुणे

प्रकृति का नियम है कि जिस प्रकार का मौसम होगा उसके अनुरुप निर्मिति होगी। यह प्रकृति नियम हम इंसानों पर भी कुछ हद तक सटीक बैठता है। हम इंसानों में से ही कुछ लोग अपनी सृजनात्मकता के माध्यम से साहित्य का निर्माण करते हैं, जो साहित्यकार कहलाते हैं। यह साहित्यकार भी अपने परिवेश से प्रभावित होते ही हैं साथ ही अपने समकालीन परिस्थितियों से प्रभावित होकर प्रासंगिक साहित्य का सृजन करते हैं। हिन्दुस्तान स्वतन्त्र होने से पूर्व परिस्थितियों में हिन्दी साहित्यकारों ने तत्कालीन परिवेश पर आधारित साहित्य लिखा है। जो अधिकतर एय्यारी, मजदूर, किसान, आजादी, गुलामी, मनोरंजन, तिलस्म, आंदोलन आदि विषयों पर लिखा जा रहा था लेकिन, हिन्दुस्तान में 1947 स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद परिवेश के बदलने से साहित्य लेखन के आयामों में भी परिवर्तन होने लगा। जिसमें स्वतन्त्रता पूर्व लेखन विषयों के अलावा दलित चेतना, आदिवासी चेतना, किसान चेतना, रती चेतना, किन्नर विमर्श, प्रकृति विमर्श, तकनीकी विमर्श, बाल विमर्श तथा वृद्ध विमर्श आदि विषयोंपर खुलकर सृजनात्मक साहित्य लिखा जाने लगा। इसमें से वृद्ध विमर्श एक ऐसा विषय है, जो हर एक इंसान से सम्बन्धित है फिर वह चाहे किसी जाति धर्म का हो, दलित हो, किन्नर हो या फिर आदिवासी, क्योंकि इनमें हर एक को अपने जीवनकाल में समय की गति से वृद्ध होना ही है। यह हमारे जीवन काल की अन्तिम अवस्था मानी जाती है। वास्तव में इस अवस्था में अपना जीवन हँसी खुशी से बिताना चाहिए किन्तु ऐसा होता नहीं। अधिकांश लोग वृद्धावस्था को जीवन की एक अवस्था न मानकर समस्या मानने की भूल कर बैठते हैं, जो बिलकुल गलत है। वृद्धावस्था हमारे जीवन का अन्तिम पड़ाव अवश्य है किन्तु वह कोई अन्तिम क्षण नहीं है। हम इस अवस्था में भी सुखी जीवन बिता सकते हैं। इन्हीं सब बातों पर स्वातन्त्र्योत्तर काल में हिन्दी साहित्यकारों ने अधिक खुबकर बात की है। जैसे कहानीकार सत्यराज द्वारा लिखित कहानी 'अनधिकृत स्वप्न' एक वृद्ध पिता के अहंकार पर भाष्य करती है। कहानी में कुन्ती को उसके पति किशनलाल ने कहा था कि अजय के पास भले ही कोठी, कार इज्जत हो तुम वहाँ मत जाओ पर माँ की ममता ने उसे विवश कर दिया और वह चली जाती है। कुन्ती पर पहला आघात तब होता है, जब अजय उसे स्टेशन लेने नहीं आता और नहीं घर के किसी नौकर को भेजता है। कुन्ती स्वयं ही घर पहुँच जाती है, जहाँ घर के नौकर लोग उनका स्वागत करते हैं। अपने बेटे और बहू को न देखकर दादीजी नौकरों से पूछती है, कि सब लोग कहाँ गए? तब नौकर बतरते हैं कि, साहबा मेम साहब और बच्चों को लेकर पिक्चर देखने गए हैं। थोडी देर में बेटा घर आने पर बहाना बनाते हुए कहता है कि, इंजीनियर साहब के साथ पिक्चर देखने जाना पडा, कुन्ती का बेटा अजय अपनी पत्नी रजनी के साथ माँ

के चरण स्पर्श करता है। साथ ही स्टेशन न पहुँचने पर माफी भी माँगता है। जिस पर कुन्ती बड़े दिल से माफ भी कर देती है। पोता बंटी और पोती वन्दना दादी की गोद में जाकर बैठते हैं और पूछते हैं कि, दादाजी क्यों नहीं आए? तब दादी बच्चों को बताती है कि, उन्हें कुछ काम था वे बाद में आएँगे। दादी कहती है कि, मैंने उन्हें समझाने की बहुत कोशिश की किन्तु वे न माने। दादी अर्थात् कुन्ती अपने पति किशनलाल से कहती है कि, उम्र के इस दौर में मैं इस तरह की जिन्दगी नहीं जी सकूँगी आज क्या नहीं है उसके पास.... कोठी, कार, समाज में इज्जत। सब कुछ तो है उसके पास। मैं तो अपने बेटे के पास जाऊंगी। किशनलाल चाहकर भी कुन्ती को रोक नहीं पाता कुन्ती जाते हुए कहती है— ''हाँ, हाँ मैंने हमेशा अधूरे इंसान जैसा जीवन जिया है। (आज तक इस गृहस्थी में फसकर) संघर्षों में ही समय कटा है मेरा। आज जबकि कुछ सुख–शान्ति से जीवन काटने का समय आया है तो आप मुझे ऐसा करने से रोकना चाहते हैं।''[1]

कुछ दिनों बाद कुन्ती को किशनलाल की बातों में सच्चाई नजर आने लगती है। कुन्ती का विश्वास था कि, उसका बेटा उसकी सेवा करेगा लेकिन समय की तेज धार में कुन्ती का विश्वास बह जाता है। जब डॉक्टर बताते है कि, कुन्ती को छूत का रोग लग गया है। तो बेटा और बहू दोनों का व्यवहार कुन्ती के प्रति बिल्कुल बदल जाता है। इतना ही नहीं तो बहू बच्चों को भी दादी से दूर कर देती है। तब कुन्ती को पता चलता है कि, मेरा पति साथ होता तो यह नहीं होता।

वृद्धावस्था में व्यक्ति अधिकतर अतीत में जीता है, उन्हीं चीजों को याद करता है जो उसने युवावस्था में अनुभव की थी। वह भावनात्मक रूप से कमजोर हो जाता है और उसने युवावस्था में किए हुए कामों की याद करता रहता है। जिस पर लोग भी उनके शारीरिक परिवर्तनों को देखकर वृद्ध की युवावस्था से तुलना करने लगते हैं। भवगतीचरण वर्मा की कहानी 'पियारी' इस बात पर आधारीत दिखाई देती है। यह कहानी वृद्धावस्था में होनेवाले शारीरिक परिवर्तनों को नोट करती है। ''मनोहर वहाँ सामने मोड़ पर बैठी उस बुढ़िया भिखारिन को देखते हो न! न जाने क्यों बिना मेरी इच्छा के मेरी नजर उस पर ठहर जाती है। ऐसा मालूम होता है कि, मैं उसे जानता हूँ यही नहीं वह भी मुझे जानती है। लेकिन वह मुझे पहचानती, शायद इसीलिए कि, मुझमें अधिक परिवर्तन हो गया है। लेकिन उसमें भी बहुत अधिक परिवर्तन हुआ वह भयानक है।''[2] आशय यह है कि, वृद्धावस्था में होने वाले बदलाव शरीर, रंग, रूप को पूरी तरह से बदल देते हैं यहाँ तक कि, उनके मस्तिष्क की संरचना भी बदल जाती है। स्मरण शक्ति काफी प्रभावित होती है। वृद्ध लोग अपने परिचितों को या तो पहचान नहीं पाते या बहुत देर से पहचानते हैं।

प्रभा खेतान द्वारा लिखित 'आम का मौसम' कहानी वृद्ध सेठानी भगवानी बाई के उपर लिखी गयी कहानी है। प्रस्तुत कहानी में वृद्ध भगवानी बाई एक पतिव्रता नारी, मातृवत्सल नारी एवं एक आदर्श नारी के रूप में उभरकर सामने आती है।

प्रस्तुत कहानी की कथावस्तु सेठ रुकमादासजी से शुरु होती है, जो सेठानी भगवानी बाई के पति हैं। गर्मियों में वह बाजार जाते हैं और उनकी पत्नी के लिए आम लेकर आते हैं। वे अपने सर पर पसीना पोंछते हुए घर में प्रवेश करते हैं। पर उस समय उनकी पत्नी अपने पोते के लिए स्वेटर बुनती बैठी होती है पर उसकी बहू मना कर देती है। बहू के मना करने पर भी वह स्वेटर बुनती रहती हैं। यहाँ पर एक बूढ़ी माँ का अपने पोते के लिए प्यार और अपार स्नेह देखने को

मिलता है। सेठ रुकमादासजी बाजार से आम खरीदकर आ गए हैं और वह अपनी बुढी पत्नी भगवानी को खाने के लिए एक बड़ा सा आम देते है पर वह कहती है—

''अपने सभी टाबरों को यह आम पसन्द है, मैं अकेले आम कैसे खा लूँ.... अकेले कैसे? तू और मैं दो जन तो हैं... खाले।''[3]

परन्तु वृद्धा अपने पोतों को छोड़कर आम खाना पसन्द नहीं करती उनके पति कहते हैं कि घरवालों लिए आम लाया हूँ तुम यह आम खा लो किन्तु बुढ़िया नहीं खाती। इस प्रसंग से वृद्धों के दिल में परिवार के बच्चों के प्रति कितना स्नेह होता है। यह दृष्टिगोचर होता है।

'दादी और रिमोट' यह सूर्यबाला जी द्वारा लिखित गाँव से शहर लायी गई एक दादी की कहानी है। दादी गाँव से शहर आने पर वहाँ की चकाचौंध देखकर प्रसन्न हो जाती है। जो एक ऊँची इमारत की सातवीं मंजिल पर रहती है मानो उसे वहाँ पर लटका दिया गया हो।

वृद्धों की समस्याओं को लेकर इक्कीसवीं सदी की हिन्दी कविता भी सजग दिखाई देती है। बहुत अधिक कविताएँ आज वृद्ध विमर्श से सम्बोधित प्रकाशित हो रही हैं। हर एक माता-पिता का सपना होता है कि हमारे बच्चे बड़े होकर समाज में इज्जत प्राप्त करें, खुद के पैरों पर खड़े होकर अपना नाम कमाए। इसके साथ ही उनकी और एक इच्छा होती है कि, हमारे बच्चे वृद्धावस्था में हमारी देखभाल भी करें। लेकिन वही बच्चे बड़े होकर अपनी माता-पिता की इज्जत नहीं करते हैं। कवि कुमारेंद्र जी अपनी वृद्धावस्था इस कविता में कहते हैं—

''कल तक जो थाम कर चले थे,
अँगुली हमारी,
आज वो ही उँगली दिखा रहें हैं।''[4]

इस तरह माता-पिता ने अपने बच्चों को पाल-पोसकर बड़ा करते हैं लेकिन वही बच्चे माता-पिता को वृद्धावस्था में आँखें दिखाने लगते हैं। कई बार तो पीटने में भी हिचकिचाते नहीं हैं। वृद्ध माता-पिता के अस्तित्व को ही नकारा जाता है। इसी कारण वृद्धों के जीने का कारण या वजह ही समाप्त हो जाती है। बहुत सारे घरों में वृद्ध लोग एक कोने में हर समय पड़े रहते हैं। जैसे घर की कोई बेकार चीज एक कोने में रख दी हो जिसका परिवार में कोई महत्त्व नहीं है। वृद्धों के प्रति समाज का यही दृष्टिकोण बनता जा रहा है।

चित्रा मुद्‌गल द्वारा लिखित 'गिलिगडु' में सेवानिवृत्त सिविल इंजिनियर बाबू जसवन्तसिंह और रिटायर्ड कर्नल विष्णु नारायण स्वामी इन दोनों की कथा है। दोनों एक दिन सैर करते समय अनायास ही मिल जाते हैं। एक-दूसरे के दु:ख दर्द को बाटते हुए दोनों में घनिष्ट दोस्ती हो जाती है। कर्नल स्वामी अपने आदर्श परिवार की कथा सुनाते हैं लेकिन उनकी जिन्दगी में सभी बातें ठीक इसके विपरित घटित होती हैं। उनके तीन बेटे हैं तीनों ही शादी के बाद उनसे अलग रहते हैं। उनकी प्रिय बहु अनुश्री अपनी डेढ़ साल की जुड़वा बेटियों को छोड़कर अपने नृत्य गुरु के घर जा बैठती है। अपनी पोमियों को देखने के लिए उनसे मिलने के लिए उन्हें चोरी छिपे जाना पड़ता है। कर्नल की सम्पत्ति के लिए उनका मंझला बेटा नारायण उनसे झगड़ा तक करता है। हद तो तब होती है जब नारायण गुस्से में पागल होकर अपने पिताजी को पीट देता है। मार से लहुसुहान कर्नल जी अस्पताल में भर्ती हो जाते है। बोलने के काबील होने के बावजूद

भी वे अपने बेटे के खिलाफ कोई भी किस दर्ज करने से साफ-साफ इंकार करा देते हैं। इस प्रसंग से यह नज़र आता है कि एक पिता अपने खून को पसीने में तपदील कर मेहनत से अपने बच्चों का लालन-पालन करता है, किन्तु वही बच्चे सम्पत्ति के लिए अपने ही माता-पिता के जान पर उतर आते हैं। कर्नल की दर्दनाक मौत के बाद दाहा संस्कार के लिए बडे बेटे और पत्नी बैंगलोर से आते हैं। लेकिन अन्य दोनों बेटे अड़चनों के चलते दाह संस्कार में उपस्थित नहीं हो पाते। बडा बेटा ही दाह संस्कार करता है, किन्तु चौथ की क्रिया करने हेतु उसके पास समय नहीं होता इसीलिए वह वापस बैंगलोर लौट जाता है। बैंगलोर में अपने रिश्तदारों के साथ ही वहाँ तेहरवीं का कार्यक्रम सम्पन्न करता है। इसपर कर्नल की पड़ोसन मिसेज श्रीवास्तव कहती है, ''ऐसी कसाई औलादों से तो आदमी निपुता भला। हमें इस बात का कोई गम नहीं कि, हमारी कोई अपनी औलाद नहीं।''[5]

वहाँ से लोटकर जसवंत सिंह नौकरानी सुनगुनिया के नाम पर अपने जीवन की वसीयत बदल ने का निश्चय करते हैं और कानपुर वापस जाकर अपने जीवन का नया पड़ाव अपनी गिलिगड्डु कात्याथिनी कुमुदनी के साथ बिताना चाहते हैं। उनके मरणोपरान्त उनके बेटों की आने की सम्भावना नहीं है। इसलिए वे अपनी वसीयत में यह भी जोड़ देते हैं कि सुनगुनियें को लड़के रामरतन अभिषेक आसरे ही उनकी कपाल क्रिया करें। उसे ही वह अपने दाह संस्कार का अधिकार देते हैं। बाबू जसवंतसिंह आपने बेटे के पास तिरस्कृत होकर रहने के बजाय अपनी बुद्धि युक्ति एवं सम्पत्ति के बल पर अपने इच्छानुसार जहाँ आदर, सम्मान, सेवा सुश्रुषा और ममत्व मिलता है वहाँ चले जाते हैं।

'दौड़' उपन्यास के माध्यम से ममता कालिया जी ने युवा वर्ग की मानसिकता और संवेदनशून्यता की ओर संकेत किया है। उपभोगतावादी संस्कृति के बच्चे इतने दौड़ रहे हैं कि उनके पास अपने रिश्तों को निभाने के लिए भी समय नहीं है। दौड़ उपन्यास के रेखा और राकेश बच्चों के नोकरी के लिए जाने के बाद एकदम अकेले हो जाते हैं। अकेलेपन और उदासी के कारण दोनों काफी व्यथित होते हैं। पवन अपनी पसंद के अनुसार स्टैला नामकी लड़की से विवाह करता है। जो कमाऊ और कैरियरिस्ट युवती है। विवाह के कुछ दिनों बाद ही वे काम के सिलसिले से अलग-अलग शहरों में रहते हैं। दोनों का दाम्पत्य जीवन इण्टरनेट, ई-मेल, सर्फिंग में बीतता जाता है। राकेश और रेखा दोनों एक-दूसरे का सहारा बनकर इस भ्रम में रहते हैं कि बेटे कभी कभार वापस आकर उनका सहारा बनेंगे। वही दो दिन की जिंदगी वे जी भरकर जिएँगे। पीड़ा, ग्लानि, भय, निराशा, अकेलेपन को दूर करने के लिए व्यस्त रहने का प्रयास करते हैं जैसे घूमने जाना, गप्पे लड़ाना, रामचरित मानस पढ़ना आदि। परन्तु सोनी साहब की मृत्यु और सघन का ताईवान के स्थानिक राजनीति में सक्रिय हो जाने से दोनों पूरी तरह से हील जाते हैं। पिताजी जब सघन को वापस बुलाते हैं, तो यह अपने पिताजी से पैसों का हिसाब माँगते हुए कहता है- ''अपने इतने बरसों में क्या किया ? दोनों बच्चों का खर्च आपके सिर से उठ गया। घूमने आप जाते नहीं, पिक्चर आप देखने नहीं, दारु आप पीते नहीं फिर आपके पैसे का क्या हुआँ।''[6] इस प्रकार अपने ही पिता को कटघरे में खड़ाकर सवाल पूछता है। एक बूढ़ा निर्धन बाप इसके क्या उत्तर दे सकता था। आखिरकार सघन ताईवान में ही रहने का फैसला कर लेता है तो यहां पर माता-पिता उसकी राह देखते रह जाते हैं। बेटे की चिंता और विरह की भावना की प्रचूरता ही इस उपन्यास का समापन है।

इस प्रकार मैंने स्वातन्त्र्योत्तर हिन्दी साहित्य के परिप्रेक्ष्य से वृद्धावस्था पर मेरी जानकारी अनुसार संक्षिप्त विचार-विमर्श करने का छोटासा प्रयत्न किया है। निष्कर्षः वृद्धावस्था पर हम कह सकते हैं कि वृद्धावस्था कोई

 ISSN No. 2456-8996 

समस्या नहीं है वह तो एक अवस्था है जिससे कालचक्र के अनुसार हर एक व्यक्ति गुजरना ही है। जरुरत है हमें इस अवस्था की मानसिकता को समझने की। जिस प्रकार माता–पिता अपने बच्चों का शिशुवस्था में खयाल रखते हैं। तो उन बच्चों को भी बड़े होने के बाद जब उनके माता–पिता वृद्ध होते हैं तो उनका खयाल रखना आवश्यक है। इन वृद्धों का खयाल रखते समय युवा पीढ़ी को उनकी मानसिकता को भी ध्यान में रखना होगा, क्योंकि कहते है नापचपन में बचपन होता है। ''हम युवा पीढ़ी के लोग यदि वृद्धों का खयाल नहीं रखेंगे तो आनेवाली पीढ़ी भी हम से सरोकार नहीं रखेगी क्योंकि हम ''जो बोएँगे वही तो पाएँगे।'' इसी उम्मीद से सकता हूँ लेकिन जाते–जाते मन की बात–

''कुर्सी पर बैठकर भरी जवानी में बुढ़ापे की बात करता हूँ,
कही वर्तमान भविष्य को खा न जाए,
इसलिए खुद ही खुद को टोकता हूँ।''


**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची—**


1. 'अनाधिकृत स्वप्न' – सत्यराज, वृद्धावस्था की कहानियाँ। सं – गिरिराजशरण, पृ.117
2. 'प्रतिनिधि कहानियाँ' – भगवतीचरण वर्मा राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 1988, पृ.67–68
3. 'आम का मौसम' – पुष्पपाल सिंह, अभिरुचि प्रकाशन दिल्ली, पृ.171
4. Kavira Sangrah. blogspot. in2009/03/blog-post08 html.
5. 'गिलिगडु उपन्यास – चित्रा मुद्गल, पृ.63
6. दौड़ उपन्यास – ममता कालिया, पृ.85

ISSN 2319-6785
वर्ष 31 (अंक 2)
जून - जुलाई 2019

द्वैमासिक

# राष्ट्रवाणी



महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, पुणे.

हिंदी पढो, आगे बढो और भारत जोड़ो.

केंद्रीय हिंदी निदेशालय (मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार) नई दिल्ली की आर्थिक सहायता से प्रकाशित राष्ट्रीय स्तर की हिंदी साहित्यिक-समीक्षात्मक-शोध पत्रिका

ISSN 2319-6785 Rashtravani

द्वैमासिक

# राष्ट्रवाणी

हिंदी साहित्यिक-समीक्षात्मक-शोध पत्रिका

वर्ष 31 (अंक 2)

**जून - जुलाई 2019**

-: संपादक मंडल :-

**पूर्व अध्यक्ष - प्राचार्य सु. मो. शाह**

**कार्याध्यक्ष - डॉ. वीणा मनचंदा**

-: सहायक :-

**डॉ. नीला बोर्वणकर** **डॉ. ऋचा शर्मा**

**डॉ. निशा ढवळे**

## राष्ट्रवाणी सदस्यता शुल्क :-

मनीऑर्डर/ड्राफ्ट 'महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, पुणे' के नाम से भेजिए।

**प्रति अंक** : रु. 50/- **पंचवार्षिक** : रु. 1000/-

**द्वैवार्षिक** : रु. 500/- **दस वर्ष के लिए** : रु. 1500/-

**मनीऑर्डर/ड्राफ्ट भेजने का पता -**

महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, पुणे -

राष्ट्रभाषा भवन, 387 नारायण पेठ, पुणे - 411030

दूरभाष : 020 - 24458947 / 24454268

संलग्न पत्र में शुल्क का प्रकार,

अपना पूरा नाम और पिनकोड सहित पूरा पता, दूरभाष क्रमांक लिखिए।

**प्रबंधक :- सौ. सुनेत्रा गोंदकर**

**प्रकाशक, मुद्रक :- शे. आ. जगताप, सचिव,**

**मुद्रणस्थान :- महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, मुद्रणालय**

387, नारायण पेठ, पुणे - 411030

राष्ट्रवाणी साहित्यिक-समीक्षात्मक पत्रिका है। यह जरुरी नहीं कि लेखकों के विचारों से संपादक सहमत हो। पत्रिका में प्रकाशित सामग्री का स्वामित्व-अधिकार पत्रिका का है।

अनुक्रमणिका

## जून - जुलाई 2019


| | | |
|---|---|---|
| 1. अपनी ओर से - गांधीमय,हिंदी सेवी प्राचार्य डॉ. विश्वास पाटील | - प्रा. सु. मो. शाह | 2 |
| 2. शिक्षक बनकर क्या भूखे मरना है ? | -डॉ. सदानंद भोसले | 7 |
| 3. हिंदी कहानी में 'दलित विमर्श' | -डॉ. राजेंद्र खैरनार | 9 |
| 4. शब्द-सत्ता का ग्लोबल जनतंत्र : मीडिया | -डॉ. विजयकुमार रोडे | 14 |
| 5. राजेश जोशी के अंतिम दशक की कविता में व्यंग्य | -डॉ. राजेश रसाळ | 19 |
| 6. राष्ट्रभाषा व प्रांतीय भाषाओं के विकास में बाधक : अंग्रेजी | -डॉ. प्रभु चौधरी | 22 |
| 7. अनामिका के साहित्य में शिक्षा की भूमिका | -श्री सिद्धेश्वर कोणदे | 25 |
| 8. साठोत्तरी हिंदी नाटकों में प्रयोगशीलता | -डॉ. मीनाक्षी कुरणे | 27 |
| 9. 'कापूसकाळ के जगू': भारतीय किसान का प्रातिनिधिक चरित्र | -डॉ. एकनाथ पाटील | 31 |
| 10. पद्माकर की भाषा और ब्रजभाषा के विविध स्तर | -डॉ. अमित शुक्ल | 35 |
| 11. सांप्रदायिक सद्भाव और हिंदी ग़ज़ल | -डॉ. सूरज चौगुले | 41 |
| 12. गिरिराज किशोर कृत 'ढाई घर' उपन्यास में चित्रित स्त्री... | -श्री अविनाश कोल्हे | 44 |
| 13. अमावस्या से पूर्णिमा तक सफर करती हिंदी | -श्री रितेंद्र अग्रवाल | 47 |

# गिरिराज किशोर कृत 'ढाई घर' उपन्यास में चित्रित स्त्री विमर्श

**श्री अविनाश मारूती कोल्हे**
शोध छात्र, हिंदी विभाग, पुणे विश्वविद्यालय,
पुणे - 411007. (मोबा. 9422327212)

स्त्री विमर्श हिंदी साहित्य का चर्चित विषय रहा है। वस्तुतः नारी मुक्ति से संबद्ध रचा गया साहित्य स्त्री विमर्श कहलाता है। स्त्री विमर्श एक ऐसा आंदोलन है, जो नारी को उसके अधिकारों के प्रति सचेत करते हुए उसके सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और धार्मिक क्षेत्रों में संपूर्ण स्वतंत्रता की माँग करता है। जीवन में स्त्री पुरुष की भूमिका एक-दूसरे के लिए पूरक होनी चाहिए। स्त्री विमर्श की बात मात्र स्त्री-पुरुष संतुलन की नहीं बल्कि समाज और परिवार की व्यवस्था में बदलाव की है। मूलतः स्त्री विमर्श की बात मात्र नारी की अस्मिता की खोज करते हुए उसे सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और धार्मिक स्वतंत्रता के साथ स्त्री को खुला आकाश देकर उसे मानव के रूप में जीने लायक वातावरण बनाकर नारी के सशक्तीकरण पर बल देती है। वर्तमान उपन्यास साहित्य में स्त्री की त्रासदी और विडंबना, उसकी शोषित स्थिति, आर्थिक सामाजिक पराधीनता, सामंती मूल्य, रूढ़िग्रस्त मान्यताओं और धारणाओं से जुड़े प्रश्नों को खुले, तीखे एवं साहसपूर्ण ढंग से अभिव्यक्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

प्रस्तुत गिरिराज किशोर द्वारा लिखित 'ढाई घर' उपन्यास में गिरिराज किशोर जी ने मंझली चाची, बड़ी जेठानी रूपा, कला, छोटी चाची, रानी, सोना, सीमा मनसुखराय की पत्नी, रेहेमतुल्ला की पत्नी आदि स्त्री पात्रों के माध्यम से स्त्री विमर्श के विविध आयामों पर प्रकाश डाला है। किशोर जी ने उपन्यास में कृष्ण राय की पत्नी, जिसे मंझली चाची कहा गया है, के माध्यम से एक स्त्री को अपने स्त्रीत्व को सिद्ध करते हुए चित्रित किया है। कृष्ण राय और मंझली चाची की शादी को काफी दिन होने के बाद भी उनके बच्चा नहीं होता, जिसके कारण वे एक अंग्रेज मेम से मिलने जाते हैं, तो मेम कृष्ण राय से कहती है कि आप अपनी जाँच करा लें। आपकी पत्नी में कोई दोष नहीं है। इस बात पर कृष्ण राय अपनी पत्नी से काफी उखड़े-उखड़े रहने लगते हैं। चाची खाना तक बंद करती है जिसके कारण वह दिन-ब-दिन कमजोर होती जाती है। एक दिन चाची उनके पाँव पकड़ती है और रोते हुए कहती है कि मुझे बताइए मैं कहाँ जाऊँ? क्या करूँ? मैं तो यहाँ आपके सहारे आई थी। आप ही मुँह फेर लेंगे तो मैं कहाँ जाऊँगी। मेरा कौन है?

दरिया में बहते तिनके को भी आस होती है कभी तो किनारे लगेगा, पर मेरा तो उतना भी सहारा नहीं बचा मुझसे नफरत न कीजिए। मुझे मार डालिए। आपकी नफरत मुझे जलाए डाल रही है और मेरा प्रेम भी मुझे खाए जा रहा है।''[1] ''कृष्णा राय उससे कहते हैं कि 'तुम कभी माँ नहीं बन सकती। चाहो तो पतिव्रत खोकर कोशिश कर लो।' जिसके कारण मंझली चाची पत्थर सी-बनती जाती है। इसी कारण उनकी मौत हो जाती है। इस प्रसंग से निस्संतान स्त्री की त्रासदी को व्यक्त

किया गया है ।

सोना यह भास्कर राय की बेटी है जो विवाह के बाद काफी संघर्षमय जीवन का सामना करती है और अपना अस्तित्व स्थापित करती है जिसके लिए उसे राय परिवार जैसे सामंती परिवार की परंपराएँ तोड़नी पड़ती हैं। विवाह के बाद उसका पति उसे छोड़ देता है, तो वह हिम्मत न हारते हुए आधुनिक स्त्री की तरह नौकरी करने का फैसला करती है जो परिवार में से उसके भाई रघुवर छोड़कर किसी को रास नहीं आता । सोना को उसके दादा जी छोटे राय (राघव राय) द्वारा टोके जाने पर वह कहती है, ''छोटे दादा मैं इस लुप्तप्राय राय खानदान की बेटी नहीं हूँ एक स्वतंत्र व्यक्तित्व हूँ, मेरे भविष्य के बारे में आप लोग कहाँ तक निर्णय लेते रहेंगे, एक बार आप ले चुके हैं, वह गलत साबित हुआ, अब मुझे खुद लेने दीजिए । मैं अपने व्यक्तित्व को अपने पिता या पति के नाम पर मिट्टी में नहीं मिलाना चाहती ।''[2] इस पात्र के माध्यम से लेखक ने एक संघर्षकारी भारतीय नारी को पाठकों के सामने रखा है जो परिस्थितियों से न घबराते हुए उन्हें स्वीकार करती है और अपनी जिंदगी गुजारती है ।

इस उपन्यास में एक स्त्री पात्र है कला जो भास्कर राय की दूसरी पत्नी है । वह शादी के बाद खुश तो है लेकिन एक सामंती परिवार के रिवाजों में दब-सी जाती है, एक दिन उससे मिलने के लिए उसके भाई जगन बाबू आते हैं तो वे कला से पूछते हैं कि तू खुश है या नहीं? तो कला कहती है, ''खुश तो बहुत हूँ पर आजाद नहीं। आजाद होती तो मैं भी आपके साथ चलती, मैं भी गांधी जी के दर्शन करती । वैसे तो यहाँ किसी चीज की कमी नहीं । पर्दा है, बंधन है, छुआछूत है, सब बहुत मानते हैं पर अपनी शर्तों पर । आपने तो देखा है वहाँ मैं लड़की की तरह रहती थी। यहाँ बहू क्या हुई पिंजड़े की मैना हो गई । जब आपकी आजादी आ जाएगी तो क्या हम औरतों के ये पिंजड़े भी खुल जाएँगे।''[3] कला के इन सवालों से सुखी या सामंत परिवार की नारियों की त्रासदी पर भाष्य किया गया है जो देश आजाद होने के बाद खुद को आजाद महसूस नहीं करतीं ।

रूपा यह पात्र प्रस्तुत उपन्यास में भास्कर राय की पहली पत्नी के रूप में चित्रित किया गया है । उनकी शादी तो बड़े शानो शौकत से होती है, लेकिन न होने के बराबर। शादी की रात ही रूपा को बेपनाह खाँसी शुरू होती है, जिसके कारण भास्कर घबरा जाता है । घरवाले चिंतित होते हैं, डॉक्टर को बुलाना चाहते हैं, लेकिन रूपा मना कर देती है । वह किसी को अपने आपको छुने तक नहीं देती । उसका भाई उसे अपने मायके ले जाता है, जहाँ पर कुछ दिन बाद ही उसकी मौत हो जाती है । वह अपनी माँ से कहती थी कि, ''वे मुझे छुना चाहते थे, प्यार करना चाहते थे मैंने उन्हें रोक दिया । उन्हें बुला दो मैं उनके चरण छूकर माफी माँगना चाहती हूँ ।''[4] अर्थात वह यही खेद करती रही कि, वह अपना धर्म नहीं निभा पाई ।

सारंगा भास्कर राय की तीसरी पत्नी है, जो अपने ही परिवार में हक और सम्मान के लिए लड़ती दिखाई देती है । भास्कर की दूसरी पत्नी के बच्चे रघुबर और सोना उसे माँ के रूप में स्वीकार नहीं कर पाते, जिसके कारण उनमें दूरियाँ बढ़ती जाती हैं । सोना की तो उससे बात ही नहीं बनती थी । बच्चे उसका कहा नहीं मानते

थे। जिससे नाराज होकर हमेशा कहा-सुनी होती थी। वह भास्कर से कहती है "मैं तुम्हारे, बच्चों और तुम्हारे घरवालों की खुशी का ध्यान रखूँगी तो मेरी खुशी का ध्यान आप सबको भी रखना होगा। नहीं तो मुझे लगेगा कि मैं इस घर की बाँदी हूँ। मैं इस घर की बहू बनकर आई हूँ। दोनों में बहुत फर्क है। हवेली के जितने क्षेत्र में मैं रहती हूँ उसपर मुझे अपना अधिकार मिलना चाहिए। मुझपर विश्वास होना चाहिए, चाहे बच्चे हो या घर... जैसे मैं घर में आग नहीं लगाऊँगी ऐसे ही बच्चों को भी जहर देकर मार नहीं डालूँगी।"[5] इस प्रकार वह अपने हक और सम्मान के लिए लड़ती है।

बड़े राय की बेटी रानी की शादी बड़े शान से होती है, काफी दहेज भी दिया जाता है फिर भी उसके ससुर बड़े राय से उनका पसंदीदा घोड़ा 'जॉर्ज' माँग लेते हैं, जो काफी और मशहूर था जिसके जाने के कारण सभी आहत होते हैं। एक दिन काला उसका हाल-चाल जानने के लिए रानी से मिलता है, तो वह फूट-फूटकर रो पड़ती है। वह कहती है कि, "उसने अपने ससुर से कहा था कि 'जॉर्ज' को न बेचें वह पिता जी की शान है, आप उसे पिता जी को लौटा दें। मैं उनसे मुँह माँगी कीमत दिलवा दूँगी।"[6] लेकिन उसकी कोई नहीं सुनता उलटा उससे कहा जाता है, कि वह अपने मायके से बाहर आए। रानी अपनी असमर्थता दर्शाते हुए कहती है कि "मैं कुछ नहीं कर पाई 'जॉर्ज' मेरे देखते-देखते चला गया। मैं खिड़की से बेबस झाँकती रह गई। उसकी आँखों से आँसू टपक रहे थे। वह मेरा तीसरा बेटा हो गया था राजू, मौजू की तरह।"[7] इस प्रसंग से लेखक ने भारतीय नारी की असमर्थता को पाठकों के सामने रखा है।

इस प्रकार से गिरिराज किशोर द्वारा लिखित 'ढाई घर' उपन्यास में आत्मनिर्भर जिजीविषापूर्ण, परंपरागत मूल्यों को स्वीकारनेवाली असहाय, पीड़ित, लाचार, विद्रोही, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को व्यक्त करने वाली, हक के लिए तथा सम्मान के लिए लड़ने वाली विभिन्न स्त्री पात्रों का चित्रण है। ये पात्र अपनी चारित्रिक विशेषताओं के बल पर पति-पत्नी के आपसी झगड़े, पारिवारिक मनमुटाव, विवाहबाह्य संबंध, स्त्री-पुरुष समानता, प्रेम भावना, विधवा समस्या, पर्दाप्रथा जैसे विभिन्न स्त्री विमर्श के आयामों को चित्रित करते हैं।

**संदर्भ:**


1.2.3 : ढाई घर : लेखक गिरिराज किशोर प्रकाशक; राजपाल अॅण्ड सन्स, दिल्ली संस्करण; (2011) पृ.क्र. 78

4. वही, पृ. क्र. 373
5. वही, पृ. क्र. 211
6. वही, पृ. क्र. 189
7. वही, पृ. क्र. 249


****

# हिंदी भाषा और साहित्य
## विविध आयाम



डॉ. बी.एल. धनदे

**ISBN :** 978-93-95288-14-9
**मूल्य :** पाँच सौ रुपये मात्र

**पुस्तक** : हिंदी भाषा और साहित्य : विविध आयाम
**लेखक** : डॉ. बी.एल. धनदे
**प्रकाशक** : **वान्या पब्लिकेशंस**
ए/2122 आवास विकास हंसपुरम्, नौबस्ता,
कानपुर - 208 021
Email : vanyapublicationskanpur@gmail.com
info@vanyapublications.com
Website : www.vanyapublications.com
Mob. : 9450889601, 7309038401
**संस्करण** : प्रथम, 2022
**मूल्य** : 500/-
**शब्द-सज्जा** : रुद्र ग्राफिक्स, हनुमन्त विहार, नौबस्ता, कानपुर
**मुख्य पृष्ठ** : गौरव शुक्ल, कानपुर
**मुद्रण** : सार्थक प्रिंटर्स, नौबस्ता, कानपुर

# अनुक्रम


- वैश्विक परिदृश्य में हिंदी : संदर्भ विश्व हिंदी सम्मेलन
- हिंदी का निरंतर बढ़ता कारवां और गढ़ते मील के पत्थर
- 21वीं शताब्दी में हिंदी का वैश्विक परिदृश्य
- मीडिया तकनीकी के रथ पर सवार हिंदी का वैश्विक फलक : विविध आयाम
- 21 वीं सदी की पत्रकारिता : जवाबदेही और विमर्श
- राष्ट्रीय एकात्मकता के संवाहक के रूप में हिन्दी भाषा
- 21वीं सदी में हिंदी पत्रकारिता
- हिन्दी : ग्राह्यता की सीमा व स्वाभाविकता
- प्रयोजनमूलक हिंदी
- 21वीं सदी में हिंदी की अंतरराष्ट्रीयता में रोजगार की संभावनाएँ
- हिंदी के उत्थान में अहिंदी भाषिकों की भूमिका
- 21वीं शताब्दी में हिंदी भाषा का विकास व शिक्षण संबंधी चुनौतियाँ
- समकालीन हिंदी कविताओं में ग्राम्य चेतना
- 21वीं सदी में सामाजिक परिवर्तन का आह्वान करती असगर वजाहत की कहानियाँ
- 21वीं शताब्दी में नारी विमर्श : गीतांजलि श्री के उपन्यासों के विशेष संदर्भ में
- 21वीं सदी के दलित साहित्य में सूरजपाल की आत्मकथाओं का महत्त्व
- रमणिका गुप्ता के साहित्य में आदिवासी विमर्श एवं उसकी प्रासंगिकता
- 21वीं शताब्दी में बाल विमर्श : एकांत श्रीवास्तव की कविताओं के परिप्रेक्ष्य में
- सैनिक जीवन : हिन्दी सिनेमा की दृष्टि
- संजीव के कहानी साहित्य का आधुनिक चिंतन
- कुमाउनी लिखित शिष्ट साहित्य में राष्ट्रीय चेतना
- बाल–साहित्य की प्रासंगिकता

# अनुक्रम


1. वैश्विक परिदृश्य में हिंदी : संदर्भ विश्व हिंदी सम्मेलन
**डॉ. बी.एल. धनदे** 15
2. हिंदी का निरंतर बढ़ता कारवां और गढ़ते मील के पत्थर
**डॉ. बंशीधर तातेड़** 23
3. 21वीं शताब्दी में हिंदी का वैश्विक परिदृश्य
**डॉ. हेमन्त सिंह कंवर** 32
4. मीडिया तकनीकी के रथ पर सवार हिंदी का वैश्विक फलक : विविध आयाम
**डॉ. विदुषी शर्मा (वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर)** 40
5. 21 वीं सदी की पत्रकारिता : जवाबदेही और विमर्श
**डॉ. ललित कुमार** 56
6. राष्ट्रीय एकात्मकता के संवाहक के रूप में हिन्दी भाषा
**डॉ. कृष्ण बलदेव सिंह राठौड़** 62
7. 21वीं सदी में हिंदी पत्रकारिता
**प्रोफेसर नवेंदु बंसल** 65
8. हिन्दी : ग्राह्यता की सीमा व स्वाभाविकता
**मुकेश जैन** 72
9. प्रयोजनमूलक हिंदी
**डॉ. श्रीमती धनेश्वरी दुबे** 79
10. 21वीं सदी में हिंदी की अंतरराष्ट्रीयता में रोजगार की संभावनाएँ
**डॉ. अंचला कुमारी** 86
11. हिंदी के उत्थान में अहिंदी भाषिकों की भूमिका
**प्रो. अविनाश मारुती कोल्हे** 90
12. 21वीं शताब्दी में हिंदी भाषा का विकास व शिक्षण संबंधी चुनौतियाँ
**डॉ. अश्वनी** 93
13. समकालीन हिंदी कविताओं में ग्राम्य चेतना
**डॉ. बंशीलाल** 103

# 11

# हिंदी के उत्थान में अहिंदी भाषिकों की भूमिका

प्रा. अविनाश मारुती कोल्हे

हमारे भारत देश में धार्मिक विविधता के समान ही भाषिक विविधता भी देखी जाती है या यह भी कहा जा सकता है कि हमारे देश में जो प्रादेशिंक रचना हुई है वह भी भाषा के आधार पर हुई है। 1947 के बाद राष्ट्र की आधिकारिक भाषा के रूप में किसी एक भाषा का चयन होना आवश्यक था। जिसके फलस्वरूप 14 सिंतबर 1949 के दिन संविधान सभा ने एक मत से निर्णय लिया कि हिंदी ही भारत की राजभाषा होगी और देवनागरी इसकी लिपि। इसी कारण तो 14 सिंतबर का दिन हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। आजादी के पहले और बाद भी हिंदी भाषिकों ने तो हिंदी भाषा के उत्थान में अपनी भूमिका अदा की है लेकिन अनेकानेक अन्य भाषाई लोग थे जिन्होंने हिंदी भाषा में काम कर हिंदी के उत्थान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। धार्मिक आंदोलन, शिक्षा के प्रचार–प्रसार, सामाजिक कार्य व्यापारिक गतिविधियां, राजनैतिक कार्य में शामिल अनेक गुजराती, मराठी, तमिल, बंगाली, भाषिक लोगों ने हिंदी को जी जान से चाहा और उसकी सेवा भी की ताकि वह जल्द से जल्द राष्ट्रभाषा के पद पर विराजमान हो सके। जैसे स्वतंत्रता आंदोलन के समय देश के अहिंदी भाषिक क्षेत्र से अलग–अलग पत्र–पत्रिकाएँ निकलती थी जिनके हिंदी परिशिष्ट भी होते थे। महाराष्ट्र में मराठी भाषी केशव वामा पेठे ने 1993 में 'राष्ट्रभाषा किंवा सर्व हिंदुस्थानची एक भाषा करणे' नामक पुस्तक पुणे से प्रकाशित की थी जिसमें उन्होंने हिंदी को सर्वस्वीकृत रूप से राष्ट्रभाषा बनाने पर जोर दिया था। इसी तरह अनेक महानुभावों का सार्थक योगदान हिंदी को राष्ट्रीय भाषा का सम्मान, स्वीकृति, प्रचार–प्रसार और लोकप्रिय बनाने में रहा है।

महात्मा गांधी जी दक्षिण अफ्रिका से भारत आने के बाद किसान आंदोलन में सहभागी हुए थे। गुजराती भाषिक और अंग्रेजी के अच्छे जानकार होने के बाद भी किसान आंदोलन का नेतृत्व हिंदी में किया था। आगे चलकर उन्होंने 'हरिजन' नामक पत्र हिंदी में निकालना शुरू किया था। गांधी जी की प्रेरणा से ही संपूर्ण भारत में हिंदी का प्रचार–प्रसार करनेवाली संस्थाओं की स्थापना हुई।

हिंदी के महत्व को समझते हुए देश को एकसुत्र में बांधने के लिए स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने स्वयं गुजराती भाषिक होने के बावजूद भी अपने सब से प्रमुख ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश की रचना हिंदी में की। संस्कृत भाषा के विद्वान होने के बाद भी उन्होंने हिंदी भाषा को ही आर्यसमाज के विस्तार में प्रचार–प्रसार की भाषा बनाया। चारों वेदों का भाष्य हिंदी में लिखा। यह उनके कार्य का परिचय देता है।

हिंदी भाषा को देश की भाषा बनाने में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक माननीय माधव सदाशिव गोलवलकर का नाम सर्वोच्च है। गोलवलकर जी स्वयं मराठी भाषिक थे विज्ञान की शिक्षा उन्होंने अंग्रेजी भाषा से ली किंतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक के रूप में उन्होंने अभिव्यक्ति का माध्यम हिंदी को बनाया। उन्होंने तैंतीस वर्षो के दीर्घ कालखंड में छियासठ बार भारतमाता की परिक्रमा की थी जिसमें व्याख्यान का माध्यम हिंदी भाषा को ही बनाया। अहिंदी भाषिक क्षेत्रों में हिंदी शिक्षण के विस्तार में श्री गोलवलकर जी सदा समर्थक रहे।

हिंदी पत्रकारिता की दुनिया में जिन गैर हिंदी भाषी पत्रकारों का महत्वपूर्ण योगदान है उनमें बाबुराव विष्णु पराड़कर का नाम बड़ी श्रद्धा के साथ लिया जाता है। पराड़कर जी ने अपने मामा द्वारा लिखित पुस्तक देशेर कथा का हिंदी में अनुवाद किया था जिसके कारण वे चर्चा में आए। उन्होंने कलकत्ता से 'भारतमित्र' नामक हिंदी पत्र निकाला जिसके वे संपादक रहें। आगे चलकर पराडकर जी के सहयोग से वाराणसी से 'आज' दैनिक प्रकाशित हुआ जिसके संपादक के रूप में उन्होंने हिंदी पत्रकारिता को भाषाई अखबार से उपर उठाकर राष्ट्रीय पहचान दी। उन्होंने हिंदी पत्रकारिता की भाषा का गठन किया इतना ही नहीं हिंदी के अनेक शब्द स्वयं गढ़े और अंग्रेजी का विकल्प प्रस्तुत किया।

मुंबई में भारतीय विद्याभवन के संस्थापक और कुलपति स्व. कन्हैयालाल मणिकलाल मुंशी का हिंदी प्रेम सभी जानते हैं। उन्होंने मुंबई में 'नवनीत' का प्रकाशन शुरू किया था। संस्कृति और साहित्य के प्रचार–प्रसार में इस पत्रिका ने अपनी अहम भूमिका निभाई है। गुजराती भाषिक होने के बावजूद भी मुंशी जी ने हिंदी भाषा के प्रति अपनी आत्मियता दिखाई है। इन्होंने महाभारत के पात्रों योगेश्वर, श्रीकृष्ण, कुंती, युधिष्ठिर, पितामह भीष्म द्रौपदी आदि का जीवनचरित्र लिखकर मानो हिंदी की सेवा ही की है। वाल्मीकि रामायण का हिंदी अनुवाद इन्हीं की योजना थी।

वर्तमान समय में देश भर में अनेक गैर हिंदी भाषी हिंदी की सेवा में जुटे हुए हैं। ग्वालियर निवासी श्रीधर गोविंद पराडकर जी का योगदान प्रशंसनीय है। उन्होंने लगभग दो दर्जन पुस्तकों की रचना हिंदी में कर हिंदी के प्रति अपना प्रेम

प्रदर्शित किया है। इनकी प्रमुख अप्रतिम कृति 'द्रष्टा भगतसिंह', 'राष्ट्रसंत तुकडोजी', 'मध्य भारत की संघ गाथा' आदि महत्वपूर्ण है। इनका यह सारा रचना संसार हिंदी में है जबकि उनकी मातृभाषा नहीं है। इनके अलावा मराठी से हिंदी में अनुवाद करनेवाले और हिंदी भाषा में मौलिक सृजन करनेवाले दामोदर खडसे जी का योगदान भी महत्वपूर्ण है। इन्होंने मराठी भाषा में प्रसिद्ध बलुतं, उपरा, जैसी लगभग दो दर्जन पुस्तकों का हिंदी में अनुवाद किया है। तो हिंदी भाषा में 'अब वहाँ घोसले है', आखिर वह एक नदी थी, इस जंगल में, काला सूरज, जीना चाहता है समय मेरा, भगदड, सन्नाटे में रोशनी आदि रचनाएँ उनके कार्य की साक्ष देती है।

इन महानुभावों के अतिरिक्त ऐसे बहुत से विद्वान हुए हैं जिन्होंने हिंदी भाषा की सेवा की है। विनोबा भावे जी ने वर्धा में महात्मा गांधी जी की प्रेरणा से हिंदी विश्वविद्यालय की स्थापना की नींव रखी। बंगाल में राजाराम मोहन राय, केशवचंद्र जी ने अपने समय में हिंदी के उत्थान में अतुलनीय योगदान दिया। चेन्नई से प्रकाशित 'चंदामामा' के हिंदी संस्करण के संपादक डा. बालशौरी रेड्डी आजीवन हिंदी की सेवा करते रहे। तमिलनाडू में विरोध होने के बावजूद भी उन्होंने हिंदी पत्रिका का न केवल संपादन जारी रखा बल्कि हिंदी की शुद्धता की ओर ध्यान दिया। पंजाबी भाषी डॉ. नरेंद्र कोहली ने साहित्य सृजन के लिए हिंदी को अपनाया। अपने व्यंग्य लेखन से उन्होंने अपना योगदान दिया।

इनके अलावा हिंदी भाषा को प्रतिष्ठित करने में स्वातंत्र्यवीर सावरकर, वामन पंडित, खांडेकर, कवि गोविंद केलकर जैसे विद्वानों ने भी अपना अतुलनीय योगदान दिया है। जिसे भूलाया नहीं जा सकता। इनके योगदान के कारण ही तो हिंदी 'राष्ट्रभाषा' के पद पर विराजमान हुई है।

**हिंदी विभाग,**
**टिकाराम जगन्नाथ महाविद्यालय**
**खडकी, पुणे–03**